>

Title: Need to abolish processing charges on Kisan Credit cards and other agricultural loans-laid.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य कृषि ऋणों पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार नो डयूज देने पर किसी तरह का कोई प्रोसेसिंग चार्ज नहीं वसूलने के निर्देश है। फिर भी बैंकों द्वारा किसानों से प्रोसेसिंग चार्ज एवं फीस वसूली जाती है। यदि देश के किसानों की संख्या को ध्यान में रखते हुए गणना की जाये तो प्रोसेसिंग फीस की राशि करोड़ों रूपयों में आती है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के वित्त मंत्री से अपील करता हूं कि इस पर निगरानी रखनी चाहिए एवं किसानों से बिना किसी नियम के वसूल की जाने वाली धनराशि वापस किसानों के बैंक खातों में ब्याज सहित जमा होनी चाहिए।